जबलपुर | बुधवार | 15 अप्रैल 2026 | वर्ष 77 | अंक 82 | पृष्ठ 20 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 नोएडा में फिर भड़का मजदूरों का प्रदर्शन



6 मताधिकार से वंचित लाखों लोगों की व्यथा


7 सरकार ने स्टार्टअप्स फंड जारी किया


8 बेस्ट खिलाड़ियों की बराबरी कर सकता हूं : आयुष

# बिहार में अब बीजेपी राज

## सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री, आज सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण

**पटना, 14 अप्रैल. सम्राट चौधरी बिहार के नए सीएम होंगे. उन्हें पहले बीजेपी फिर एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है. सम्राट राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिलकर उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया. बुधवार को लोकभवन में शपथग्रहण समारोह होगा. इसके साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा. इस फैसले से राज्य के बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आ रहा है.**



### नीतीश जी से राजनीति सीखी : सम्राट

विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एनडीए की बैठक में नीतीश सम्राट के प्रस्तावक बने. नीतीश ने उन्हें माला पहनाई. विधायकों से ताली बजवाई. सम्राट ने भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया. विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने कहा, मैंने नीतीशजी से राजनीति सीखी है. उनके साथ मैंने काम किया है. उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है.

### नीतीश ने सीएम पद से दिया इस्तीफा

नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया. वे सम्राट चौधरी और विजय चौधरी के साथ एक ही गाड़ी से राजभवन पहुंचे और राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा. इस्तीफे के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- 'अब नई सरकार यहां का काम देखेगी. नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग रहेगा. आगे भी बहुत अच्छा काम होगा, बिहार बहुत आगे बढ़ेगा.'

### मिनट टू मिनट अपडेट

- **सुबह 9 बजे :** नीतीश कुमार से मिलने जदयू के टॉप लीडर्स संजय झा, ललन सिंह, विजय चौधरी सीएम आवास पहुंचे.
- **सुबह 11 बजे :** नीतीश कैबिनेट की आखिरी बैठक हुई. कैबिनेट में सीएम के धन्यवाद प्रस्ताव पर मुहर लगी.
- **दोपहर करीब 2.30 बजे :** नीतीश कुमार के इस्तीफे से पहले नितिन नवीन समेत बीजेपी के तमाम बड़े नेता सीएम हाउस पहुंचे.
- **दोपहर 3.15 बजे :** सीएम नीतीश राजभवन पहुंचे और राज्यपाल सैयद अता हसनैन को अपना इस्तीफा सौंपा.
- **3:24 बजे :** नीतीश ने पोस्ट किया- मैंने इस्तीफा दे दिया है. अब नई सरकार बिहार का काम देखेगी. मेरा मार्गदर्शन रहेगा.
- **3:30 बजे :** नीतीश के इस्तीफे के बाद सम्राट चौधरी और शिवराज सिंह दफ्तर पहुंचे और बीजेपी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए.
- **शाम 4 बजे :** बैठक में सम्राट को बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया.

### सम्राट चौधरी ने जताया आभार

विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी ने बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया. उन्होंने कहा कि पार्टी और सहयोगियों ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए वे सभी के प्रति आभारी हैं. इस अहम बैठक में विनोद तावड़े और बीएल संतोष जैसे वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे. सभी की सहमति से लिए गए इस फैसले को बिहार की राजनीति में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है.

# कॉरिडोर से खुलेंगे विकास के द्वार

- पीएम मोदी ने कहा- कनेक्टिविटी हो रही मजबूत
- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून में मंगलवार को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया. इस मौके पर उन्होंने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्तराखंड के विकास, कनेक्टिविटी, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण पर अपनी बात रखी.**

दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कॉरिडोर केवल सड़क नहीं होते बल्कि ये विकास के नए द्वार खोलते हैं. ये नए व्यापार, उद्योग, गोदाम और फैक्ट्रियों के लिए रास्ता तैयार करते हैं. इस कॉरिडोर से पूरे क्षेत्र का कायाकल्प होने की उम्मीद है और लोगों के लिए नई संभावनाएं पैदा होंगी. प्रधानमंत्री ने संबोधन की शुरुआत में सभी नागरिकों को वैसाखी, बोहाग बिहू और पुथंडु की हार्दिक शुभकामनाएं दीं.

प्रधानमंत्री ने खुशी जताते हुए कहा कि 'डबल इंजन सरकार' की नीतियों और राज्य के लोगों की मेहनत से उत्तराखंड तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है और कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है. उन्होंने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे परियोजना इस प्रगति को और तेज करेगी और राज्य के विकास को नई गति देगी.




### बाबा साहब ने वंचितों को न्याय दिलाया

प्रधानमंत्री ने बीआर अंबेडकर की जयंती पर उनको नमन किया. उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन गरीबों, वंचितों और शोषितों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित रहा. उन्होंने बताया कि बीते एक दशक में सरकार के फैसलों और नीतियों ने संविधान की गरिमा को पुनः स्थापित करने का काम किया है.

### बेटियों को उनका हक देकर रहेंगे : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने देवभूमि उत्तराखंड के सभी दलों से अपील करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन का समर्थन करें और 2029 तक देश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाने में सहयोग करें. '4 दशकों से महिला-बेटियां अपने हक का इंतजार कर रही है. अब वह समय आ गया है.

### एक नजर में




#### आर्टेमिस-3 के लॉन्च की तैयारी में जुटा नासा

वॉशिंगटन. चंद्रमा पर मानव वापसी की दिशा में अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा तेजी से आगे बढ़ रहा है. आर्टेमिस 2 मून मिशन की सफलता के बाद अब नासा अगले मिशन आर्टेमिस 3 लॉन्च की तैयारी में जुट गया है. नासा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर घोषणा की कि 2027 में आर्टेमिस 3 और 2028 की शुरुआत में आर्टेमिस 4 लॉन्च होगा. आर्टेमिस 3 अब चंद्रमा पर लैंडिंग के बजाय पृथ्वी की निचली कक्षा में एक महत्वपूर्ण परीक्षण मिशन होगा जबकि आर्टेमिस 4 पहली चंद्रमा लैंडिंग करेगा. आर्टेमिस 3 मिशन 2027 में निर्धारित है. इसमें एसएलएस रॉकेट के जरिए ओरियन स्पेसक्राफ्ट में चालक दल को लॉन्च किया जाएगा.

#### ड्रग्स के ओवरडोज से 2 छात्रों की मौत

मुंबई. मुंबई में आयोजित लाइव कॉन्सर्ट में ड्रग्स पार्टी की गई. इस दौरान ड्रग्स का ओवरडोज लेने की वजह से 2 छात्रों की मौत हो गई है. इस मामले में पुलिस ने आयोजक समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है. मृतकों में एक लड़का और एक लड़की शामिल हैं. गिरफ्तार आरोपियों में आकाश सामाल, विनोद जैन, प्रतीक पांडे, आनंद पटेल, रौनक खंडेलवाल और बालकृष्ण कुरूप के नाम शामिल हैं. वहीं पुलिस ने 15 से 20 लोगों के बयान दर्ज किए है. दोनों पीड़ितों की उम्र 20-22 साल की है. अपने दोस्तों के साथ लाइव कॉन्सर्ट देखने मुंबई के गोरेगांव इलाके के नेस्को ग्राउंड में आए थे. नेस्को के प्रवक्ता की तरफ से दोनों छात्रों की मौत पर बयान सामने आया है.

### गुस्ताखी माफ




# वेदांता पावर प्लांट में धमाके से 9 की मौत

**30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे**

**01 बजे के लगभग प्लांट में हुआ हादसा**



**सक्ती, 14 अप्रैल. जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर एक बजे के करीब अचानक बॉयलर फटने से जोरदार विस्फोट हुआ. हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं कुछ लोग घायल भी हैं. जानकारी के अनुसार प्लांट के बॉयलर में अचानक विस्फोट हो गया जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई.**

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक इस हादसे में करीब 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. हादसे के बाद प्लांट परिसर में चीख-पुकार और भगदड़ का माहौल बन गया. मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है. पुलिस और प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी हुई है.

बताया जा रहा है कि विस्फोट इतना तेज था कि इसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई. हादसे के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है. प्रशासन ने मामले की जांच के निर्देश दे दिए हैं और घायलों के बेहतर उपचार के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं.

# लोस की सीटों को 850 करने का रखा प्रस्ताव

## 815 सीटें राज्यों और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाएंगी

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल. केंद्र सरकार ने लोकसभा की कुल सीटों को 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है. इसका ड्राफ्ट बिल सांसदों के साथ शेयर किया है. प्रस्ताव के मुताबिक, 850 में से 815 सीटें राज्यों को और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाएंगी.**

सरकार इस बदलाव के लिए संविधान संशोधन की तैयारी में है. इस प्रस्ताव को लागू करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 81 में संशोधन किया जाएगा. इसके लिए 16 अप्रैल से संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है. इसमें महिला आरक्षण बिल पर भी चर्चा होगी. इस बिल को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है. यह कदम देश में संसदीय प्रतिनिधित्व को बड़े स्तर पर बदल सकता है, हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है.



**2011 जनगणना के आधार पर परिसीमन:** बिल में सीटों के पुनर्निर्धारण (परिसीमन) के लिए 2011 की जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाने की बात कही गई है. फिलहाल आधिकारिक जनसंख्या आंकड़े 2011 जनगणना के ही हैं. सरकार इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए संविधान संशोधन बिल, परिसीमन कानून से जुड़ा बिल और दिल्ली, जम्मू-कश्मीर व पुडुचेरी जैसे विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक अलग बिल भी लोकसभा में पेश करेगी.

> रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ सकती है. यहां 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी. महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी. यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी. रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है. यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है. एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं. तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी. झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है.

# सीबीआई ने 77 जगह मारे छापे

**सांठगांठ के मामलों में कार्रवाई**

**बिल्डरों पर 22 नए मामले हुए थे दर्ज**

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल. केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बिल्डरों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों के बीच कथित सांठगांठ से जुड़ी 22 नई पंजीकृत प्राथमिकी के सिलसिले में आठ राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 77 जगहों पर बड़े पैमाने पर तलाशी ली है.**

सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बाद अलग-अलग बिल्डरों के खिलाफ 22 नए मामले दर्ज किए हैं. सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग राज्यों में किए गए ये समन्वित तलाशी अभियान देश भर में चल रही कार्रवाई का हिस्सा हैं. इन तलाशियों के नतीजे में आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और दूसरी चीजें जब्त की गई हैं, जिनकी अभी जांच की जा रही है. अधिकारी ने आगे कहा कि इस कार्रवाई का मकसद हाउसिंग रियल एस्टेट सेक्टर में फंड के कथित बदलाव, वित्तीय गड़बड़ियों और धोखाधड़ी के तरीकों से जुड़ी एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए ज़रूरी सबूत इकट्ठा करना है.

# भारत से प्यार करता है अमेरिका

- राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी से 40 मिनट की चर्चा
- ईरान-अमेरिका सीजफायर के बाद पहली बातचीत

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच लंबी फोन वार्ता हुई है. रिपोर्ट के अनुसार पीएम मोदी ने ट्रंप से 40 मिनट तक फोन पर बात की है. पीएम मोदी और ट्रंप के बीच ईरान सीजफायर के बाद ये पहली बातचीत है.**

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच ये वार्ता तब हुई है, जब ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पूरी तरह से ब्लॉक करने का ऐलान किया है.



भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इस बातचीत के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी से कहा कि वे यह बताना चाहते हैं कि अमेरिका भारत से प्यार करता है. प्रधानमंत्री मोदी ने इस फोन वार्ता की जानकारी देते हुए कहा कि इस बातचीत के दौरान द्विपक्षीय सहयोग में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की गई. इसके अलावा दोनों के बीच पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा हुई.

# होर्मुज से 34 जहाज गुजरे : ट्रंप

**वाशिंगटन, 14 अप्रैल (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि एक दिन में होर्मुज जलडमरूमध्य से 34 जहाज गुजरे हैं, जो नाकेबंदी शुरू होने के बाद से अब तक की सबसे बड़ी संख्या है.**

ट्रंप एक बार फिर दावा किया कि ईरान सैन्य और अन्य रूप से 'पूरी तरह से तबाह' हो चुका है. इसके साथ ही उन्होंने मीडिया फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे यह दिखा रहे हैं कि ईरान जीत रहा है या बेहतर स्थिति में है.

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा ईरान सैन्य और अन्य रूप से पूरी तरह से तबाह हो चुका है. ईरान की नौसेना समुद्र के तल में पड़ी है, पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है. इसके साथ ही उन्होंने 158 जहाजों का आंकड़ा भी दिया था.

**युद्ध में मध्यस्था की भूमिका में दिखाई दिलचस्पी:** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया युद्ध में मध्यस्था की भूमिका में दिलचस्पी दिखाई है और कहा है कि उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए यहां अबू धाबी के युवराज जायेद अल नहयान के साथ बैठक में चार-सूत्री प्रस्ताव रखा है.

### फ्रांस-ब्रिटेन होर्मुज संकट पर ऑनलाइन बैठक करेंगे

फ्रांस और ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षा के लिए शुक्रवार को एक ऑनलाइन बैठक करेंगे. इसमें उन देशों को बुलाया गया है जो इसमें मदद करना चाहते हैं. फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर इस बैठक की अगुवाई करेंगे. इसमें इस पर बात होगी कि हालात ठीक होने पर जहाजों को इस रास्ते से सुरक्षित कैसे निकाला जाए. दोनों देश पहले से ऐसी योजना बना रहे हैं, जिसमें तेल के टैंकर और बड़े जहाजों को सुरक्षा के साथ गुजरने में मदद दी जाएगी.

**अंबेडकर जयंती** | बाबा साहब के विचार समानता और अधिकारों के प्रति करते हैं जागरूक : डॉ. यादव

# संविधान ही सभी समस्याओं का समाधान है

नवभारत न्यूज

**इंदौर. संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती डॉ. अंबेडकर नगर (महू) स्थित उनकी जन्मस्थली पर श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई. इस अवसर पर आयोजित विशाल समागम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से शामिल हुए. यहां प्रदेश सहित देश के लोगों ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा देश और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया.



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब अंबेडकर एक युगदृष्टा थे, उन्होंने 20वीं शताब्दी में भारतीय समाज की कमजोरियों और असमानताओं को पहचानकर उन्हें दूर करने के लिए संघर्ष किया. उन्होंने समाज में समानता का भाव स्थापित करने के लिए जीवनभर लड़ाई लड़ी, जिससे समाज का सबसे अंतिम व्यक्ति भी सम्मानपूर्वक जीवन जी सके.

### महिलाओं को अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका

महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, तलाक का अधिकार, गोद लेने का अधिकार और प्रसूति अवकाश जैसी सुविधाएं दिलाने में बाबा साहब की महत्वपूर्ण भूमिका रही. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया जा रहा है, जो नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है.

# 'धुरंधर' ने 3000 करोड़ की कमाई का आंकड़ा किया पार

- पहली ने 1300 व दूसरी ने 1700 करोड़ कमाए
- दोनों फिल्मों ने 1000 करोड़ में बनाई जगह

**मुंबई, 14 अप्रैल. जियो स्टूडियोज की फिल्म 'धुरंधर' टाइटल की के दोनों फिल्मों, धुरंधर और धुरंधर: द रिवेंज ने बॉक्स ऑफिस पर मिलकर 3000 करोड़ रुपए की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है. भारतीय सिनेमा के लिए इसे एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है.**

धुरंधर सीरीज की दोनों फिल्मों ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है. फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज़ और बी62 स्टूडियोज के बैनर तले ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर ने किया है.



2025 में रिलीज हुई पहली फिल्म 'धुरंधर' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया भर में 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी.